श्याम तेरे ही भरोसे | by Raju Mehra

श्याम तेरे ही भरोसे मेरा परिवार है
तू ही मेरी नाव का मांझी तू ही पतवार है

हो अगर अच्छा मांझी नाव फिर पार होती
किसी भी बीच भंवर में फिर ना दरकार होती
अब तो तेरे ही हवाले मेरा घर बार है
श्याम तेरे ही भरोसे मेरा परिवार है

मैंने अब छोड़ी चिंता तेरा जो साथ पाया
तुमको जब भी पुकारा अपने ही पास पाया
मुझपे एहसान तेरा कान्हा बेशुमार है
श्याम तेरे ही भरोसे मेरा परिवार है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-raju-mehra/